Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-154 | सागवाड़ा, रविवार,6 फरवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)






**सागवाड़ा।** सागवाड़ा के नेहरु बाजार में डांडी यात्रा और शहर में बनने वाली सड़कों का शिलान्यास करते अतिथि।



**सागवाड़ा।** गौशाला में टीनशैड के कार्य का भूमि पूजन करते अतिथि।



**सागवाड़ा।** मडकोला में बस शेल्टर का शिलान्यास करते अतिथि।



नोहरू बाजार में आमसभा से पहले अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत करते हुए।

## गौशाला में 25 लाख की लागत से बनने वाले टीनशैड का भूमि पूजन हुआ

# सागवाड़ा में 65 लाख के कार्यों का लोकार्पण, 4 करोड़ की लागत से 11 सड़कें भी बनेंगी

**सागवाड़ा।** नगर पालिका में कांग्रेस का बोर्ड बनने का एक वर्ष पूरा होने पर शहर में रविवार को 65 लाख के कार्यों का लोकार्पण किया गया।

4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 11 सड़कों के कार्य का भी शिलान्यास किया गया। साथ ही गौशाला में 25 लाख की लागत से बनने वाले टीनशैड का भूमि पूजन हुआ। इसके बाद नेहरू बाजार के पास आम सभा हुई। मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालविया थे।

अध्यक्षता डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री दिनेश खोडनिया, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी, चंद्रशेखर सघवी, उप जिला प्रमुख सुरता परमार, असरार अहमद, महेंद्र बरजोड़, बंधु पाठक, भरत नागदा, उपाध्यक्ष राजुमामा शेख, रतनलाल पाटीदार थे।

### विकास को आनेवाली पीढियां याद रखेंगी- मालवीय

केबिनेट मंत्री महेंद्र जीत सिंह मालवीय ने कहा कि सागवाड़ा शहर में एक साल में ही विकास के बेहतरीन काम हुए है। अभी चार साल बाकी है। प्रजातंत्र में समय का महत्व है। वागड़ के विकास के लिए स्वीकृतियां मिल रही है। सागवाड़ा के विकास को आनेवाली पीढियां याद रखेंगी। मालवीया ने कहा कि एक साल में भीखा भाई नहर के काम को पूरा कर लिया जाएगा। राज्य के बजट में वागड़ के लिए नई घोषणाएं होंगी।

### एक साल में ही 6 करोड़ 92 लाख के काम - पालिकाध्यक्ष खोडनिया

पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने कहा कि शहर में एक साल में नवाचार किये। सभी के सहयोग से एक साल में बेहतरीन कार्य हुए। पालिकाध्यक्ष ने कहां कि एक दिन में ही 9 कार्यों का लोकार्पण किया गया है। खोडनिया ने कहा कि पिछले एक साल में ही 6 करोड़ 92 लाख के काम किये गए। 3 करोड़ की राजस्व आय प्राप्त की। चुनाव में जो वादे किये उसे पूरा किया जा रहा है। उन्होंने शहरवासियो से भी शहर के विकास के सहयोग की अपेक्षा की है।

### 580 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति - खोडनिया

पूर्व राज्यमंत्री दिनेश खोडनिया ने कहा कि सागवाड़ा में कांग्रेस का बोर्ड बनने के बाद क्षेत्र में 580 करोड़ रुपये के कार्यों की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र में पेयजल के लिए शहर सहित 27 गांवों के लिए 427 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। साथ ही शहर के तालाबों और सीवरेज के लिए 110 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए है। राज्य का बजट आने वाला है, उसमें भी शहर के लिए घोषणाएं होनी है। खोडनिया ने कहा कि शहर और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही रहेगी। शहर में एक साल में शानदार काम हुए है। आनेवाले दिनों में सागवाडा का कायाकल्प होगा।

### 10 किलोमीटर सड़कों का सुदृढ़ीकरण होगा

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सागवाड़ा शहर में बारिश के बाद टूटी सड़कों को मरम्मत करने के लिए मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2021-22 के तहत करीब 4 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत था। 4 करोड़ की लागत से 10 किलोमीटर सड़कों का सुदृढ़ीकरण होगा। सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से कराया जाएगा जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी कर दी है। पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि इन सड़को का काम सप्ताहभर में शुरू हो जाएगा।

### इन कार्यों का लोकार्पण हुआ

* 20 लाख की लागत से बने चार बस शेल्टर का किया लोकार्पण। पुनर्वास कालोनी, मडकोला, बांसवाड़ा मार्ग और आसपुर मार्ग पर बने चार आधुनिक बस शेल्टर का किया लोकार्पण हुआ।
* 20 लाख की लागत से नेहरू बाजार में स्वतंत्रता दांडी यात्रा के प्रतीक को बनाया गया है। साथ ही आजादी की जंग में वागड़ के स्वतंत्रता सेनानी गौरीशंकर उपाध्याय , भोगिलाल पण्ड्या, शहीद नानाभाई खाट व वीर काली बाई की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया।
* 7 लाख की लागत से नगर की एतिहासिक धरोहर टाउन हॉल का जीर्णोद्धार किया गया है। टाउन हाल का एलिवेशन और फर्निशिंग का काम किया गया है। यहां फर्श, सिलिंग के साथ चारों दिवारों को निखारा गया है। इसके हेरिटेज लुक को बरकरार रखा गया है।
* 10 लाख की लागत से नई सब्ज़ी मंडी का निर्माण किया गया। मांडवी चौक स्थित सब्जी मंडी का नवीनीकरण के कार्य का लोकार्पण किया गया। जर्जर हो रही सब्जी मंडी को नया स्वरूप दिया गया है। यहा टीन शेड और इंटरलॉकिंग का कार्य कर इसके स्वरूप को निखारा गया है।
* 25 लाख से गौशाला में बनेगा टीनशैड का भूमि पूजन किया गया।
* माणकपुरा स्थित श्रीश्री उत्तम गौशाला में गायों के लिए टीनशैड बनाया जाएगा। इसके लिए करीब 25 लाख रुपये खर्च होंगे। अतिथियों ने गौग्रास कराकर टीनशैड के कार्य का भूमि पूजन किया गया।

### शहर की इन 11 सड़को का होगा नवीनीकरण

* वार्ड नंबर 1 मे आसपुर मुख्य सड़क पर देवीलाल रोत के मकान से दिलीप रोत के मकान तक सीसी सड़क
* वार्ड नंबर 2 मे राजकीय प्राथमिक स्कूल से शब्बीर भाई बर्तनवाला के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* हरियाला तालालवड़ी से शमशान घाट तक सीसी सड़क
* पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय संपर्क सड़क और स्टाफ क्वाटर की डामर सड़क का नवीनीकरण
* वार्ड नंबर 2 मे आनंद भोई के मकान के पास से मनु भाई कोटेड के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* मंगलम विहार वाया स्वर्गीय श्री भीखाभाई भील के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* गामठवाड़ा से यादव बस्ती की 3 गलियो एंव पुराना स्प्रिंडल रोड तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* वार्ड नंबर 20 कूड़ारवाड़ा मे शशिकांत के मकान से अरविंद गांधी के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* वार्ड नंबर 9 मरियम आपा के मकान से मुख्तियार भाई के मकान तक एंव आशा घांची के मकान से मेन रोड तक सीसी सड़क और नाली निर्माण
* गैस गोदाम से कुड़ारवाड़ा मुख्य सड़क तक सीसी सड़क और नाली निर्माण

## युवा व्यापारियों की मौजूदगी में वांदरवेड़ गांव में अत्याधुनिक सर्वजनिक लाइब्रेरी का शुभारंभ हुआ

### अतिथियों ने लाइब्रेरी में एयर कंडीशन देने की घोषणा की

**सागवाड़ा।** गांव वांदरवेड में अत्याधुनिक सर्वजनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। सागवाड़ा के युवा व्यापारियों की मौजूदगी में हुआ। वैभव गोवाड़िया, प्रांशु शाह, आशीष गांधी, हसमुख पटेल, एडवोकेट कपिल भट्ट, पंचायत समिति सदस्य नानिया रोत और नितेश जैन के मुख्य आतिथ्य में अत्याधुनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। समारोह में अतिथियों के द्वारा लाइब्रेरी में एयर कंडीशन की आवश्यकता को समझते हुए दो एयर कंडीशन ऐसी देने की




घोषणा की। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह की अत्याधुनिक लाइब्रेरी का बनना नए युग का संकेत है। उपसरपंच डॉक्टर हितेश पाटीदार ने बताया कि यह अत्याधुनिक लाइब्रेरी आने वाले समय में गांव में नई प्रतिभाओं को तराशने का काम करेगी तथा प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के चयन में मील का पत्थर साबित होगी।

सभा को संबोधित करते हुए एडवोकेट कपिल भट्ट ने बताया की ग्राम पंचायत दिवड़ा बड़ा में कई नवाचार पंचायत द्वारा किए गए हैं।

## खाद्य लाइसेंस बनाने के लिए जिले भर में लगेंगे कैम्प

### 8 फरवरी को सीमलवाड़ा में आयोजित होगा पहला कैम्प

**डूंगरपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि सभी खाद्य कारोबार करता जो खाद्य प्रदार्थ का बेचने के का कार्य करता है उन सभी को खाध सुरक्षा एवम मानक अधिनियम 2006 तहत खाद्य अनुघा पत्र लेना आवश्यक है जिसके अंतर्गत खाद्य कारोबार करता स्ट्रीट वेंडर से लेकर किराना रिटेलर होलसेलर मनुफैक्टर या रेस्टोरेंट का कार्य करता हो या फ़ास्ट फ़ूड कोल्ड ड्रिंक या किसी भी प्रकार का खाद्य पदार्थों का




कार्य करता है । समस्त डूंगरपुर जिले में व्यापरिकर्ता को ध्यान में रखते हुए नए लाइसेंस रेजिस्ट्रेशन रिनिवल करवाने हेतु कैम्प लगाए जा रहे है। जिसके तहत दिनांक 8 फरवरी को ब्लॉक सीमलवाड़ा चिकित्सा परिसर में सुबह 10 बजे से 5 बजे तक कैम्प का आयोजन किया जा रहा ।

## लता का डूंगरपुर से भी रहा नाता

### लता मंगेशकर ने 14 साल पहले डूंगरपुर हॉस्पिटल में बनवाया था 25 लाख का हॉल, राजसिंह डूंगरपुर ने किया था प्रेरित

**डूंगरपुर।** स्वर कोकिला लता मंगेशकर का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। लता मंगेशकर के डूंगरपुर जिले से भी गहरा रिश्ता रहा है। लता मंगेशकर और डूंगरपुर राजपरिवार के पूर्व सदस्य व बीसीसीआई के पूर्व चैयरमेन राजसिंह डूंगरपुर के रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं। राजसिंह के कहने पर ही लता मंगेशकर ने डूंगरपुर के सरकारी हॉस्पिटल में 25 लाख रुपये देकर एक हॉल बनवाया था ।बीसीसीआई के पूर्व चैयरमेन



दिवंगत राजसिंह डूंगरपुर राजपरिवार के सदस्य थे। राजसिंह क्रिकेट के शौकीन थे और उनकी मुलाकात सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर से हुई। दोनों के बीच गहरे संबंध रहे। राजसिंह डूंगरपुर के कहने पर लता मंगेशकर ने 2007-08 में राज्यसभा सांसद रहते डूंगरपुर हॉस्पिटल में 25 लाख की लागत से एक हॉल बनवाया। आदिवासी इलाके में मातृ-शिशु कल्याण के लिए यह राशि दी गई थी। शुरुआती समय में इसमें हॉस्पिटल की गायनी ओपीडी चलाई गई, लेकिन अब इस भवन में एआरटी सेंटर चल रहा है। इस हॉल पर लगी अनावरण पट्टिका पर लता मंगेशकर का नाम लिखा हुआ है। वहीं इस हॉल की पहचान लता मंगेशकर के नाम से ही है।